अभ्यास–२

१. 'यातायात सप्ताह' तथा 'क्रीड़ा सप्ताह' पर पोस्टर बनाओ और कक्षा में प्रदर्शनी लगाओ। (सामग्री– चित्र, चार्ट पेपर, समाचार पत्र, पत्रिका की कतरनें/ उद्‌घोष आदि ।)

२. दिए गए शब्द कार्ड देखो पढ़ो और उनकी सहायता से सरल, मिश्र तथा संयुक्त वाक्य बनाकर कक्षा में सुनाओ। (एक शब्द कार्ड का प्रयोग अनेक बार कर सकते हैं ।)

रहा	घर	यह	सड़क	पानी	और
राष्ट्रीय	बाईं	उदाहरण	का	बरसना	के
ओर	वहीं	दाईं	भारत	जी	है
एकात्मता	हैं	कुआँ	उत्तम	देश	की

३. 'रमेश पुस्तक पढ़ता है ।' इस वाक्य को सभी काल में परिवर्तित करके भेदों सहित बताओ और लिखो ।



४. अपने आसपास दिखाई देने वाले सांकेतिक चिह्नों के चित्र बनाओ और उन्हें नामांकित करो ।

अभ्यास – ३

✻ चित्रकथा : चित्रवाचन करके अपने शब्दों में कहानी लिखो और उचित शीर्षक बताओ । अंतिम चित्र में दोनों ने एक–दूसरे से क्या कहा होगा ? लिखो :

❑ विद्यार्थियों से चित्रों का निरीक्षण कराएँ । चित्र में कौन–कौन–सी घटनाएँ घटी होंगी, उन्हें सोचने के लिए कहें । उन्हें अन्य चित्रों एवं घटनाओं के आधार पर कहानी का आधुनिकीकरण करके लिखने के लिए प्रेरित करें और उचित शीर्षक देने के लिए कहें ।